भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

उत्तर प्रदेश अंतर-राष्ट्रीय Trade Show के प्रथम संस्करण के शुभारम्भ में सम्बोधन

गौतम बुद्ध नगर, 21 सितम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश अंतर-राष्ट्रीय Trade Show के शुभारम्भ के अवसर पर मैं सभी प्रतिभागियों को बधाई देती हूं। यहां आयोजित प्रदर्शनी को देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है। उत्तर प्रदेश के उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने के लिए आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है। उत्तर प्रदेश के विकास को निरंतर ऊर्जा तथा दिशा प्रदान करने के लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा उनकी पूरी टीम की सराहना करती हूं।

इसी वर्ष फरवरी में मैंने UP Global Investors Summit में भाग लिया था। मुझे बताया गया है कि उस Summit में बहुत बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन प्रस्तावों को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। मैं इन प्रयासों की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देती हूं।

मुझे बताया गया है कि इस trade show में 2000 से अधिक निर्माता अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। स्थापित औद्योगिक घरानों से लेकर नए उद्यमियों तक, विभिन्न श्रेणियों के उद्यमियों के उत्पाद यहाँ उपलब्ध हैं|

यह प्रसन्नता की बात है कि विभिन्न देशों के दूतावासों के प्रतिनिधि भी यहाँ उपस्थित हैं जिनके माध्यम से यहां के उत्पादों की वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने का रास्ता सुगम हो सकेगा। मुझे विश्वास है कि यह trade show उत्तर प्रदेश के निर्माताओं एवं उद्‌यमियों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर-राष्ट्रीय बाजार तथा अपनी पहुँच और पकड़ बनाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

उत्तर प्रदेश ने पिछले छह-सात वर्षों में देश के आर्थिक विकास को अपना विशिष्ट योगदान दिया है। मुझे बताया गया है कि राज्य की GDP जो वर्ष 2016-17 में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये थी, वह वर्ष 2022-23 में करीब 22 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है। Economic growth की यह उपलब्धि निस्संदेह सराहनीय है।

हाल के वर्षों में, उत्तर प्रदेश सरकार ने आर्थिक विकास तथा निवेश में वृद्‌धि हेतु कई कदम उठाए हैं। Investment opportunities को सरल बनाने, व्यापार को सुगम बनाने और infrastructure development को गति देने के परिणाम-स्वरूप उत्तर प्रदेश अब देश में सबसे तेजी से बढ़ती राज्य-स्तर की अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। राज्यों के स्तर पर ऐसे उत्कृष्ट आर्थिक प्रदर्शन के बल पर ही भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की सबसे तेज गति से विकसित हो रही बड़ी अर्थव्यवस्था माना जाता है। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान प्राप्त करने के लिए संकल्प-बद्‌ध है। इस राष्ट्रीय संकल्प को सिद्‌ध करने में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

उत्तर प्रदेश ने अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का संकल्प लिया है। भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश की सरकार और यहाँ के लोग महत्वपूर्ण योगदान देंगे, यह मेरा विश्वास है।

उत्तर प्रदेश में MSME के लिए अच्छा eco-system विकसित किया जा रहा है। मुझे बताया गया है कि 96 लाख से अधिक MSME इकाइयों के साथ उत्तर प्रदेश सभी राज्यों में पहले नंबर पर है। Land-locked प्रांत होने के बावजूद प्रदेश का निर्यात निरंतर बढ़ रहा है। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि राज्य का निर्यात वर्ष 2017-18 में लगभग 88,000 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2022-23 में लगभग 1,75,000 करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। यह प्रदेश के उद्यमियों की मेहनत तथा योग्यता का परिणाम है।

देवियो और सज्जनो,

हाल ही में संपन्न हुए G-20 Summit की सफलता से पूरा विश्व समुदाय प्रभावित है। उत्तर प्रदेश में भी आगरा, लखनऊ, वाराणसी और इसी ग्रेटर नोएडा में G-20 के मुद्दों पर आयोजन किए गए थे। जैसा कि सभी जानते हैं, G-20, अंतर-राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का सबसे बड़ा मंच है। विश्व की कुल GDP का 85 प्रतिशत और trade का 75 प्रतिशत हिस्सा G-20 के देशों में होता है। इस बार के सर्व-सम्मति से अपनाए गए G-20 Declaration में 'Unlocking Trade for Growth' के अंतर्गत 'local value creation' और MSMEs के सामने आने वाली चुनौतियों को पहचानने तथा MSMEs को अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ने के लक्ष्यों को शामिल किया गया है।

मुझे बताया गया है कि विश्व के विभिन्न हिस्सों से 66 देशों के 400 से अधिक buyers भी इस trade show में भाग ले रहे हैं। मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश का यह अंतर-राष्ट्रीय trade show, G-20 के लक्ष्यों के अनुरूप हमारी राष्ट्रीय और अंतर-राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएगा।

देवियो और सज्जनो,

इस आयोजन में राज्य के 'एक जनपद एक उत्पाद' से सम्बंधित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन सराहनीय है। हस्तशिल्प पर आधारित उत्पादों के साथ-साथ राज्य के युवा उद्यमियों, विशेषकर महिला उद्यमियों द्वारा भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। यह अच्छी बात है कि उद्यमशीलता और श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। लेकिन इसे और अधिक बढ़ाने की जरूरत है।

मुझे यह जानकर अच्छा लगा कि प्रदेश के 54 GI products यानि Geographical Indication उत्पादों की प्रदर्शनी का भी इस trade show में आयोजन किया जा रहा है। ऐसे उत्पादों और उनसे जुड़े क्षेत्रों को देश-विदेश के सामने प्रस्तुत करने के इस प्रयास की मैं सराहना करती हूं।

मुझे विश्वास है कि यह अंतर-राष्ट्रीय trade show उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। आप सब के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए मैं अपनी वाणी को विराम देती हूं।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!